BYJU'S EXAM PREP

साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 जून 2022

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-7 जून 2022

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट पहले **सप्ताह** (1-7) जून **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट का वर्तमान विस्तार ________ **61,90,302.27 करोड़ रुपये।**
   नोट:
   - यह मुद्रा जारी करने के कार्य के साथ-साथ मौद्रिक नीति तथा रिजर्व प्रबंधन के अनुपालन में उसकी गतिविधियों को दर्शाता है।
   - राजस्व में 20.14% की वृद्धि हुई है तथा व्यय 280.13% बढ़ गया है।
2. वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) का निवल लाभ _________**66,539 करोड़ रुपये।**
   नोट:
   - वर्ष 2021-22 के दौरान बैंकों का सामूहिक लाभ 66,539 करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2021 के 31,816 करोड़ रुपये से 110% अधिक है।
   - SBI का निवल लाभ 31,675 करोड़ रुपये (सर्वाधिक) है, इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा (7,272 करोड़ रुपये) तथा केनरा बैंक (5,678 करोड़ रुपये) का स्थान है।
3. वर्ष 2021-22 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा _________ **GDP का 6.71%।**
   नोट:
   - कुल राजकोषीय घाटा 15,86,537 करोड़ रुपये (अनंतिम) था।
   - वित्त मंत्रालय ने फरवरी 2022 में घाटे का अनुमान 15,91,089 करोड़ रुपये या GDP का 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।
4. SEBI ने ग्राहक निधि के दुरुपयोग हेतु किस संगठन पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है ________ **इंडिया इंफोलाइन लिमिटेड (IIFL)।**
   नोट:
   - जुर्माने की राशि का भुगतान IIFL द्वारा 45 दिनों के भीतर किया जाएगा।
   - SEBI द्वारा अप्रैल 2011 से जनवरी 2017 की अवधि के लिए IIFL की लेखा बही के निरीक्षण के बाद यह जुर्माना लगाया गया।
   - यह पाया गया कि IIFL ने नामे शेष (debit balance) ग्राहकों की निपटान बाध्यताओं के लिए 0.59 करोड़ रुपये से 397.02 करोड़ रुपये के बीच ग्राहक निधि का दुरुपयोग किया था।
5. मई 2022 में सरकार द्वारा कितनी GST राशि एकत्र की गई ________ **1.41 लाख करोड़ रुपये।**
   नोट:

- सरकार ने मई 2022 के महीने के लिए 1,40,885 लाख करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (GST) राजस्व एकत्र किया है।
- पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान 97,821 रुपये के मुकाबले इसमें 44% की वृद्धि हुई है।

6. SBI द्वारा वित्त वर्ष 2023 के आर्थिक विकास का पूर्वानुमान _______ **7.5%।**

नोट:

- SBI रिसर्च ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.5% रहने का अनुमान लगाया है, जो उसके पहले के पूर्वानुमान से 20 आधार अंक अधिक है।
- आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 में अर्थव्यवस्था 8.7% की दर से बढ़ेगी, जिससे यह वर्ष में 11.8 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 147 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी।

7. वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यों को GST प्रतिपूर्ति देय राशि के रूप में कितनी धनराशि जारी की गई है ________ **86,912 करोड़ रुपये।**

नोट:

- केंद्र ने राज्यों को 31 मई, 2022 तक देय GST प्रतिपूर्ति की पूरी राशि जारी की है।
- महाराष्ट्र को सर्वाधिक GST प्रतिपूर्ति देय राशि 14,145 करोड़ रुपये प्राप्त हुई, इसके बाद तमिलनाडु (9,602 करोड़ रुपये) तथा उत्तर प्रदेश (8,874 करोड़ रुपये) हैं।

8. किस संगठन ने "म्यूचुअल फंड तथा परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं तथा संपत्ति" पर अपना वार्षिक सर्वेक्षण 2021-22 शुरू किया _______ **RBI।**

नोट:

- सर्वेक्षण मार्च में समाप्त हुए नवीनतम वित्तीय वर्ष में म्यूचुअल फंड कंपनियों तथा परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों से उनकी बाह्य वित्तीय देयताओं तथा परिसंपत्ति पर जानकारी एकत्र करता है।
- भुगतान संतुलन के आंकड़ों तथा अन्य उपयोगों के संकलन के लिए उपयोग किए जाने के अलावा सर्वेक्षण के परिणाम सार्वजनिक क्षेत्र में जारी किए जाते हैं।

9. जेवर हवाई अड्डे के निर्माण हेतु किस कंपनी ने बोली की प्रक्रिया में जीत हासिल की ________ **टाटा प्रोजेक्ट्स।**

नोट:

- उसने बोली की प्रक्रिया में शापूरजी पालोनजी ग्रुप तथा लार्सन एंड टुब्रो को पीछे छोड़ा।
- नए हवाईअड्डे के 2024 तक शुरू होने की उम्मीद है।

10. किस संगठन ने लेह में माई पैड माई राइट कार्यक्रम शुरू किया ________ **NABARD।**

नोट:

- यह कार्यक्रम NABARD के नैब फाउंडेशन द्वारा साढ़े सात लाख रुपये की मशीनरी तथा सामग्री के साथ शुरू किया गया।
- NABARD ने विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की मांगों के अनुरूप सैनिटरी पैड बनाने हेतु मशीनरी को अपग्रेड करने के लिए एक लाख रुपये (अतिरिक्त) की मंजूरी भी दी।

11. ग्राहक अनुभव को बढ़ावा देने हेतु नए उन्नत स्वास्थ्य उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किस जनरल इंश्योरेंस ने एक नया हेल्थ इंश्योरेंस वर्टिकल लॉन्च किया ________ **SBI जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- कंपनी एक बेहतर तथा परेशानी रहित ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए सभी स्वास्थ्य बीमा दावों का संस्थानिक प्रबंधन करेगी।

- ➢ कंपनी ने 2021-22 में सकल लिखित प्रीमियम में 50% की वृद्धि दर्ज की है।

12. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 'NBFC-अपर लेयर' द्वारा विस्तारित बकाया ऋणों के लिए प्रावधान दिशानिर्देश जारी किए हैं, ये दिशानिर्देश कब से प्रभावी होंगे________ **1 अक्टूबर, 2022।**

नोट:

- ➢ व्यक्तिगत आवास ऋण तथा लघु तथा सूक्ष्म उद्यमों (SME) के ऋण: 0.25%
- ➢ टीज़र दरों पर दिए गए आवास ऋण: 2% (दरें बढ़ाने की तारीख से 1 वर्ष के बाद 0.4% कमी)।
- ➢ वाणिज्यिक रियल एस्टेट के लिए अग्रिम- आवासीय आवास (CRE - RH) क्षेत्र: 0.75%

13. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पहले वैश्विक हैकथॉन - "HARBINGER 2021 - इनोवेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन" का विषय________ **स्मार्टर डिजिटल पेमेंट।**

नोट:

- ➢ टोन टैग (नाफ़ा इनोवेशन का ब्रांड) को दो श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया है, पहली श्रेणी 'अभिनव, उपयोग में आसान, गैर-मोबाइल डिजिटल भुगतान समाधान' है और दूसरी श्रेणी 'भुगतान के शारीरिक कार्य को समाप्त करने के लिए संदर्भ-आधारित खुदरा भुगतान' है।

14. गोल्ड लोन प्रदान करने के लिए किस पेमेंट बैंक ने मुथूट फाइनेंस के साथ साझेदारी की ________ **एयरटेल पेमेंट्स बैंक।**

नोट:

- ➢ ऋण पर कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं होगा।
- ➢ मुथूट फाइनेंस गिरवी रखे गए सोने के मूल्य का 75% तक ऋण के रूप में प्रदान करेगा।
- ➢ एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लिए ऋण सुविधा 5 लाख बैंकिंग प्वाइंट पर उपलब्ध होगी।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध व्यक्ति, कृष्णकुमार कुन्नाथ, जिनका निधन हो गया, किस क्षेत्र से संबंधित थे________ **गायक।**

नोट:

- ➢ उन्हें लोकप्रिय रूप से केके के नाम से जाना जाता है, उनका 53 वर्ष की आयु में कोलकाता में निधन हो गया।
- ➢ उनका पहला एल्बम 'पल' 1999 में रिलीज़ हुआ था।
- ➢ उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी तथा बंगाली सहित अन्य भाषाओं में गाने रिकॉर्ड किए।

2. प्रख्यात व्यक्ति भीम सिंह, जिनका निधन हो गया, किस क्षेत्र से संबंधित थे ________ **राजनीति।**

नोट:

- ➢ जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के संस्थापक, वरिष्ठ नेता तथा वकील भीम सिंह का 81 वर्ष की आयु में जम्मू में निधन हो गया।
- ➢ उन्होंने 1982 में पैंथर्स पार्टी की स्थापना की।
- ➢ कश्मीर केंद्रित सरकारों के समक्ष जम्मू के लोगों की आवाज उठाने के लिए अनुभवी नेता को 'शेर-ए-जम्मू' के नाम से जाना जाता था।

3. अंजलाई पोन्नुसामी, जिनका निधन हो गया, किस क्षेत्र संबंधित थीं________ **स्वतंत्रता सेनानी।**

नोट:

- ➢ वह मलेशिया से भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) की अनुभवी सैनिक थीं।

- उनका जन्म 1920 में कुआलालंपुर के सेंटुल में हुआ था।
- वह भारतीय राष्ट्रीय सेना के झांसी रानी डिवीजन से थीं।

4. प्रसिद्ध व्यक्ति, भजन सोपोरी, जिनका निधन हो गया, एक प्रसिद्ध थे________ **संतूर वादक।**

नोट:

- उन्हें 'संतूर के संत' और 'तारों के राजा' नाम से जाना जाता था, उनका निधन 73 वर्ष की आयु में कैंसर के कारण हुआ।
- उन्हें 2004 में पद्मश्री, 1992 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और जम्मू-कश्मीर स्टेट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।
- वह उत्तरी कश्मीर के सोपोर जिले से संबंधित थे और 'सूफियाना घराने' से थे।

महत्वपूर्ण दिवस

1. साइकिल का उपयोग करने के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष किस तारीख को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है _______ **3 जून।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र ने 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 72वें नियमित सत्र में एक प्रस्ताव पारित किया था।

2. विश्व पर्यावरण दिवस विश्व स्तर पर हर वर्ष मनाया जाता है__________ **5 जून।**

नोट:

- विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।
- नोडल एजेंसी: संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)।
- विश्व पर्यावरण दिवस 2022 का विषय 'Only One Earth'

3. असुरक्षित भोजन से जुड़े स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता का महत्व बताने के लिए विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _______ **7 जून।**

नोट:

- विषय 2022: 'Safer food, better health'।
- इस दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा 20 दिसंबर, 2018 को की गई थी।

नई नियुक्तियां

1. नेशनल एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (NARCL) का प्रबंध निदेशक तथा CEO किन्हें नियुक्त किया गया _______ **नटराजन सुंदर।**

नोट:

- उन्होंने 37 से अधिक वर्षों तक SBI में काम किया और अप्रैल 2022 को बैंक के डिप्टी MD एवं चीफ क्रेडिट ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हुए।

2. 31 मई 2022 से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अधीन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) का महानिदेशक किन्हें नियुक्त किया गया _______ **राजेश गेरा।**

नोट:

- इससे पहले, वह रक्षा मंत्रालय में CEO, DPIT के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए थे और पुन: NIC में उप महानिदेशक के रूप में शामिल हुए।

3. बैंक ऑफ इंग्लैंड की ब्याज दर-निर्धारण समिति के बाह्य सदस्य के रूप में नियुक्त भारतीय मूल की पहली महिला ________ **डॉ. स्वाति ढींगरा।**

नोट:

- वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (LSE) में अर्थशास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर हैं और अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र तथा अनुप्रयुक्त सूक्ष्मअर्थशास्त्र में विशेषज्ञता रखती हैं।
- वह 9 अगस्त, 2022 को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए मौद्रिक नीति समिति (MPC) में शामिल होंगी।

4. नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) का नया महानिदेशक किन्हें नियुक्त किया गया ________ **जुल्फिकार हसन।**

नोट:

- एस.एल. थाओसेन को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का महानिदेशक नियुक्त किया गया।
- हसन पश्चिम बंगाल कैडर के IPS अधिकारी हैं और अब दिल्ली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।
- थाओसेन मध्य प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी हैं और सीमा सुरक्षा बल (BSF) में समान पद पर कार्यरत हैं।

5. सुविधा से वंचित बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करते हुए यूनिसेफ के सद्भावना राजदूत _______ **सचिन तेंदुलकर।**

नोट:

- वह विभिन्न कारणों से लंबे समय से यूनिसेफ से जुड़े हुए हैं।
- उन्हें 2003 में भारत में पोलियो की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने और इसे बढ़ावा देने की पहल का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था।

6. पद ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की MD किन्हें नियुक्त किया गया _________ **ए. मणिमेखलाई।**

नोट:

- उन्होंने राजकिरण राय जी. की जगह ली, जो पांच वर्ष के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हुए थे।
- वह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की पहली महिला प्रबंध निदेशक भी बनीं।
- सरकार ने स्वरूप कुमार साहा को पंजाब एंड सिंध बैंक का प्रमुख भी नियुक्त किया।
- उन्होंने एस. कृष्णन की जगह ली, जो 31 मई को सेवानिवृत्त हुए।

7. गरुड़ एयरोस्पेस का ब्रांड एंबेसडर किन्हें नियुक्त किया गया _______ **महेंद्र सिंह धोनी।**

नोट:

- गरुड़ एयरोस्पेस उन चार ड्रोन स्टार्टअप्स में से एक है, जिन्हें स्विगी ने एक प्रायोगिक परियोजना के लिए चुना था, जिसमें किराना सेवा इंस्टामार्ट के लिए आपूर्ति करना शामिल है।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. PMBI ने मई 2022 में 100 करोड़ रुपये की बिक्री के आंकड़ों को पार कर लिया। PMBI का पूरा नाम है ________ **फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (PMBI)।**

नोट:

- PMBI प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) की कार्यान्वयन एजेंसी है।
- केंद्र सरकार ने किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए मार्च 2024 तक जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 10,000 करने का लक्ष्य रखा है।

2. किस सरकारी संगठन ने जैव विविधता के संरक्षण, पुन:स्थापन तथा संवर्धन हेतु एक व्यापक दृष्टि और मार्गदर्शक सिद्धांत स्थापित करने के लिए जैव विविधता नीति 2022 को नवीकृत किया_________ **NTPC लिमिटेड।**

नोट:

- नीति के उद्देश्य पर्यावरण तथा स्थिरता नीतियों के अनुरूप हैं।
- NTPC 2018 में जैव विविधता नीति जारी करने वाला पहला PSU था।

3. किस संस्थान ने कृषि भूमि मूल्य सूचकांक तैयार करने के लिए एक कृषि भूमि ई-मार्केटप्लेस एसफार्म्स इंडिया के साथ समझौता किया, यह सूचकांक इस प्लेटफॉर्म पर हुई बिक्री तथा खरीद पर आधारित होगा __________ **IIM-अहमदाबाद (IIM-A)।**

नोट:

- सूचकांक को देश में कृषि भूमि की कीमतों पर "गुणवत्ता-नियंत्रित" डेटा रिकॉर्ड करने तथा प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

4. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र (ESZ) के लिए निर्धारित न्यूनतम दूरी_________ **एक किमी।**

नोट:

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राष्ट्रीय उद्यानों तथा वन्यजीव अभयारण्यों के भीतर खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी और ESZ के अंदर किसी भी स्थायी संरचना की अनुमति नहीं होगी।

5. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कौन सी पहल शुरू की गई ________ **लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट (LiFE) अभियान।**

नोट:

- उद्देश्य: पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली अपनाने हेतु व्यक्तियों, समुदायों तथा संगठनों को प्रभावित करने और उनसे अनुरोध करने के लिए शिक्षाविदों से विचार तथा सुझाव आमंत्रित करते हुए 'लाइफ ग्लोबल कॉल फॉर पेपर्स' की शुरुआत करना।

6. किस मंत्रालय ने पर्यावरण दिवस पर 'स्वच्छ एवं हरित' अभियान शुरू किया________ **आवास मंत्रालय।**

नोट:

- देश भर के शहरी स्थानीय निकाय एक बार-उपयोग होने वाली प्लास्टिक से देश को मुक्त करने तथा पर्यावरण को बेहतर बनाने में योगदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे।
- मंत्रालय ने राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को 30 जून तक एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है।

7. भारत ने किस देश के साथ 2022-26 की अवधि के लिए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम (CEP) के नवीनीकरण संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए _________ **सेनेगल।**

नोट:

- दूसरा MoU वीजा मुक्त शासन अधिकारी से संबंधित है जो दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा।
- तीसरा MoU, युवा मामलों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का प्रयास करता है।
- सेनेगल राजधानी: डैकर; मुद्रा: पश्चिम अफ़्रीकी CFA फ्रैंक।

8. किस डिलीवरी कंपनी ने यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) द्वारा 'क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ' (CNN) वचन पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं__________ **ब्लू डार्ट।**

नोट:

- द क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ एक पहल है जो इच्छुक हितधारकों को 2050 तक एक जलवायु तटस्थ दुनिया की प्राप्ति हेतु तत्काल कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है तथा उनका समर्थन करती है।
- ब्लू डार्ट, ड्यूश पोस्ट DHL (DPDHL) ग्रुप का एक भाग है।
- ग्रुप ने 2030 तक अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए 7 बिलियन यूरो तक के उपाय पैकेज को अपनाया है।

9. PMJJBY के लिए संशोधित प्रीमियम दर________ **436 रुपये।**

नोट:

- पहले यह 330 रुपये थी और PMSBY का प्रीमियम 12 रुपये से बढ़कर 20 रुपये हो गया था।
- सरकार ने अगले पांच वर्षों में PMJJBY के तहत कवरेज को बढ़ाकर 15 करोड़ और PMSBY के तहत कवरेज को बढ़ाकर 37 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है।

10. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के साथ किस टेलीमेडिसिन सेवा को एकीकृत किया गया है________ **ई-संजीवनी।**

नोट:

- यह ई-संजीवनी के उपयोगकर्ताओं को अपना 14-अंकों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) बनाने तथा इसे अपने मौजूदा स्वास्थ्य रिकॉर्ड से लिंक करने में सक्षम बनाएगा।
- ई-संजीवनी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) की टेलीमेडिसिन सेवा है।

11. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, डॉ. वीरेंद्र कुमार ने लक्षित क्षेत्रों में हाई स्कूल के विद्यार्थियों की आवासीय शिक्षा हेतु कौन सी योजना शुरू की है _______ **SHRESHTA।**

नोट:

- लक्षित क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (SHRESHTA) अनुसूचित जाति के अत्यंत गरीब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

12. आजादी का अमृत महोत्सव के प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह के दौरान सिंगल नोडल एजेंसी डैशबोर्ड किसने लॉन्च किया __________ **वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण।**

नोट:

- वित्त मंत्रालय एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने किया।
- इस डैशबोर्ड का उद्देश्य: यह केंद्र प्रायोजित योजनाओं के निधि उपयोग, निधियों की निगरानी, राज्यों को व्यावहारिक रूप से तथा समय पर निधियां जारी करने की सुनिश्चितता करता है।

13. जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के एक भाग के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (NTRI) का उद्घाटन किसने किया _______ **गृह मंत्री, अमित शाह।**

नोट:

- NTRI जनजातीय चिंताओं, समस्याओं और कार्यकारी तथा विधायी क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान होगा।
- यह जनजातीय अनुसंधान संस्थानों की परियोजनाओं की निगरानी भी करेगा और अनुसंधान एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए मानदंड स्थापित करेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने डाक विभाग की घर-घर सेवाओं के माध्यम से पेंशनभोगियों से जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं________ **तमिलनाडु।**

   नोट:

   ➢ MoU के अनुसार, IPPB प्रत्येक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के लिए 70 रुपये की लागत पर घर-घर (डोरस्टेप) सेवाएं प्रदान करेगा।

2. किस राज्य के जलवायु परिवर्तन विभाग ने पूरे विश्व में 'सेव सॉयल' पहल से जुड़ने के लिए ईशा आउटरीच के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं________ **गुजरात।**

   नोट:

   ➢ ईशा आउटरीच के संस्थापक तथा आध्यात्मिक नेता, सद्गुरु और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के बीच अहमदाबाद में MoU पर हस्ताक्षर किए गए।

3. किस राज्य सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए करौली जिले में एक विशेष स्वास्थ्य सेवा अभियान 'आंचल' शुरू किया _________ **राजस्थान।**

   नोट:

   ➢ यह विशेष अभियान जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की पहल पर शुरू किया गया।

   ➢ उद्देश्य: प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर अवस्था में गर्भवती महिलाओं के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करना।

4. वह लग्जरी क्रूज लाइनर जिसे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने चेन्नई बंदरगाह से हरी झंडी दिखाई_________ **एम्प्रेस (Empress)।**

   नोट:

   ➢ यह ग्यारह मंजिला पर्यटक जहाज है जिसमें दो हजार यात्री तथा लगभग 800 चालक दल के सदस्य एक साथ सफर कर सकते हैं।

5. मणिपुर हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम (MHHDC) ने पारंपरिक हथकरघा तथा हस्तशिल्प वस्तुओं हेतु ई-मार्केट प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए किस ई-कॉमर्स साइट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ______ **अमेजन।**

   नोट:

   ➢ दोनों प्रतिनिधियों ने मणिपुर हेरिटेज एक्सपो, 2022 के उद्घाटन समारोह में MoU पर हस्ताक्षर किए।

   ➢ राष्ट्रीय हथकरघा जनगणना रिपोर्ट, 2019 के अनुसार, मणिपुर में लगभग 2.12 लाख हथकरघा बुनकर, लगभग 2.11 करघे और लगभग दो लाख हस्तशिल्प कारीगर निवास करते हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस देश ने 31 मई को संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एक अरब देश के साथ उसका पहला समझौता है________ **इज़राइल।**

   नोट:

- यह समझौता वस्तुओं तथा सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने में मदद करेगा और UAE में इजराइल से होने वाले निर्यात को बढ़ाएगा।
- UAE इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य करने वाला पहला खाड़ी देश था और मिस्र तथा जॉर्डन के बाद ऐसा करने वाला केवल तीसरा अरब देश था।

2. यूनिसेफ के COVAX कार्यक्रम के तहत 190 मिलियन से अधिक टीकों की प्राप्ति के साथ कौन सा देश कोविड -19 वैक्सीन डोज़ का शीर्ष प्राप्तकर्ता बन गया________ **बांग्लादेश।**

नोट:

- COVAX एक वैश्विक पहल है, जिसका नेतृत्व कोएलिशन फॉर एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन, गावी, वैक्सीन एलायंस और UNICEF के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन कर रहे हैं।
- COVAX कार्यक्रम के तहत, 62% से अधिक खुराक बांग्लादेश को वितरित की गई है।

3. तीस वर्षों के राजनयिक संबंधों के उपलक्ष्य में, किस देश ने भविष्य में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत के साथ "विजन स्टेटमेंट" अपनाया है ________ **इज़राइल।**

नोट:

- केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा उनके इजराइली समकक्ष बेनी गैंट्ज़ के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान, नेताओं ने रक्षा सहयोग तथा मौजूदा वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिदृश्य पर चर्चा की।
- बेनी गैंट्ज़ को राजनाथ सिंह की उपस्थिति में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

4. संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी के बाद तुर्की का नया नाम _________ **तुर्किए।**

नोट:

- देश ने दिसंबर में अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त आधिकारिक नाम को अंग्रेजी में तुर्किए (Türkiye) करने की पहल शुरू की थी।
- यह कदम तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन द्वारा एक ज्ञापन जारी करने और जनता से हर भाषा में देश का नाम तुर्किए (Türkiye) उपयोग करने को कहने के बाद उठाया गया।

5. एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) 2022 संस्करण में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बैंगलोर की रैंक ________ **42वीं।**

नोट:

- चीन की सिंघुआ और पेकिंग यूनिवर्सिटी ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।
- 71 विश्वविद्यालयों के साथ भारत सर्वाधिक प्रतिनिधित्वकर्ताओं में तीसरा देश है, और सूची में चीन (97) तथा जापान (118) के बाद है।

6. किस संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2060 तक प्लास्टिक के वैश्विक उपयोग में तीन गुना वृद्धि होगी ________ **आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)।**

नोट:

- गंभीर प्लास्टिक प्रदूषण से नष्ट हो रही दुनिया को प्लास्टिक के उपयोग का मुकाबला करने के लिए कई उपाय करने की आवश्यकता है।
- वर्तमान में, लगभग 100 मिलियन टन प्लास्टिक अपशिष्ट या तो कुप्रबंधित है या पर्यावरण में मुक्त पड़ा हुआ है।

7. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, अडाणी ग्रुप के अध्यक्ष, गौतम अडाणी को प्रतिस्थापित करके भारत के साथ-साथ एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति की जगह किसने हासिल की ________**RIL के अध्यक्ष तथा MD, मुकेश अंबानी।**

नोट:

- मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति बढ़कर 99.7 बिलियन डॉलर हो गई है, जबकि गौतम अडाणी की कुल संपत्ति 98.7 बिलियन डॉलर है।
- ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार मुकेश अंबानी दुनिया के आठवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

8. लापता बच्चे को खोजने में मदद करने के लिए इंस्टाग्राम द्वारा 25 देशों में कौन सी सुविधा शुरू की जाएगी _______ **AMBER अलर्ट।**

नोट:

- इस अलर्ट की मदद से उपयोगकर्ताओं को क्षेत्र में लापता बच्चों की सूचना मिल सकेगी।
- यह सुविधा फेसबुक पर पहले से ही उपलब्ध थी और 2015 में शुरू होने के बाद से इसने सैकड़ों बच्चों को खोजने में मदद की है।
- इसे यूएस में नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रेन और इंटरनेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रेन के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. पूर्वी भारत के अग्रणी रेडी-टू-ईट ब्रांड की श्रेणी में टाइम्स बिजनेस अवार्ड 2022 (तीसरा) से किसे सम्मानित किया गया ________ **रुचि फूडलाइन की निदेशक, रश्मि साहू।**

नोट:

- उन्हें यह पुरस्कार प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता तथा सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सूद द्वारा दिया गया था।
- उन्होंने फ्रोजिट (Frozit) की स्थापना की, जो ओडिशा की पहली फ्रोजन फूड कंपनी है।

2. वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान, जिन्हें नागरिक सम्मान 'सितारा-ए-पाकिस्तान' पुरस्कार से सम्मानित किया गया_______ **डैरेन सैमी।**

नोट:

- इसे पाकिस्तान द्वारा प्रदान किया जाने वाला तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार माना जाता है।
- सैमी ने टेस्ट (38), एकदिवसीय (126) और T20I (68) में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है।

3. आगामी MTV मूवी एंड टीवी अवार्ड्स में जेनरेशन अवार्ड से किन्हें सम्मानित किया जाएगा _______**जेनिफर लोपेज।**

नोट:

- MTV मूवी एंड टीवी अवार्ड्स उन अभिनेताओं को सम्मानित करता है जिन्होंने फिल्म तथा टीवी उद्योग दोनों में विविध योगदान दिया है तथा घर-घर प्रसिद्ध हैं।
- जेनिफर लोपेज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलेगा।

4. संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में 22वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अपनी फिल्म सरदार उधम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसने जीता _______ **विक्की कौशल।**

नोट:

- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला): कृति सनोन (मिमी)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: विष्णुवर्धन (शेरशाह)
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म: शेरशाह
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री: साईं ताम्हनकर (मिमी)

➢ सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता: पंकज त्रिपाठी (लूडो)
➢ सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका: असीस कौर (रातां लम्बियां, शेरशाह)

5. 2022 के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (MIFF) के 17वें संस्करण में डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिक्शन तथा एनिमेशन फिल्मों के लिए गोल्डन कॉन्च अवॉर्ड किस फिल्म को मिला ________ **टर्न योर बॉडी टू द सन (डच फिल्म)।**

नोट:

➢ पुरस्कार में एक सोने का शंख, एक प्रमाण पत्र तथा 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
➢ इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन एलोना वैन डेर होर्स्ट ने किया था।
➢ बेस्ट शॉर्ट फिक्शन: 'साक्षात्कारम' (मलयालम) और 'ब्रदर ट्रोल'
➢ बेस्ट एनिमेशन फिल्म: 'प्रिंस इन ए पेस्ट्री शॉप' (पोलैंड)

6. किस भारतीय अमेरिकी छात्रा ने 2022 स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतिस्पर्धा जीती _______ **हरिनी लोगन।**

नोट:

➢ उन्होंने 21 शब्दों की सही स्पेलिंग बताकर मैराथन मुकाबले में विक्रम राजू को हराया और प्रतिष्ठित 2022 स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतिस्पर्धा जीती।
➢ पुरस्कार राशि: मरियम-वेबस्टर तथा एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका की ओर से पुरस्कारों में 50,000 अमेरिकी डॉलर नकद पुरस्कार और स्क्रिप्प्स कप ट्रॉफी।

7. भारतीय रेलवे को 25 KV AC ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे सौर ऊर्जा से संचालित करने के लिए किस श्रेणी में UIC इंटरनेशनल सस्टेनेबल रेलवे अवार्ड्स (ISRA) से सम्मानित किया गया _______ **शून्य-कार्बन प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग।**

नोट:

➢ CNG जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग।
➢ जल पुनर्चक्रण तथा वर्षा जल संचयन जैसे उपायों के माध्यम से जल उपयोग दक्षता में सुधार करना।

खेल समाचार

1. भारतीय महिला निशानेबाजी टीम ने बाकू, अज़रबैजान में आयोजित ISSF विश्व कप 2022 में किस श्रेणी में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता_________ **10 मीटर एयर राइफल।**

नोट:

➢ भारतीय महिला टीम: एलावेनिल वालारिवन, श्रेया अग्रवाल और रमिता
➢ भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में डेनमार्क को 17-5 से हराया।

2. पॉज़्नान, पोलैंड में आयोजित 2022 ICF पैराकेनो विश्व कप में 1:04.71 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर विश्व कप पदक जीतने वाले पहले भारतीय _______ **पैरा-कैनोइस्ट, प्राची यादव।**

नोट:

➢ सुसान साइपल (ऑस्ट्रेलिया) तथा ब्रायना हेनेसी (कनाडा) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

3. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित एशिया कप पुरुष हॉकी 2022 में किस टीम को हराने के बाद कांस्य पदक जीता________ **जापान।**

नोट:

- भारतीय हॉकी टीम के कप्तान, बीरेंद्र लाकड़ा ने अपने मजबूत रक्षात्मक प्रयास के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।
- दक्षिण कोरिया ने पांचवीं बार (1994, 1999, 2009, 2013 2022) एशिया कप पुरुष हॉकी 2022 पुरस्कार जीता और मलेशिया दूसरे स्थान पर रहा।
- टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर: मलेशिया के राज़ी रहीम (13 गोल)।

4. किस टीम ने वेम्बली में आयोजित 2022 फाइनलिसिमा चैंपियनशिप में यूरोपीय चैंपियन इटली के खिलाफ जीत हासिल की_______ **अर्जेंटीना।**

नोट:

- लियोनेल मेस्सी को अपने करियर में दूसरी बार मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी मिली, उन्होंने बार्सिलोना (2011) में अपनी पहली ट्रॉफी जीती।
- मेस्सी ने अपने करियर में खेले गए 45 फाइनल में 46 गोल किए हैं।

5. डिस्कस थ्रो खिलाड़ी, जिसे 'जानबूझकर दुर्व्यपदेशन' के लिए बोर्ड ऑफ अपील ऑफ क्लासिफिकेशन (BAC) द्वारा दो वर्ष (2023 तक) के लिए प्रतिबंधित किया गया _______ **पैरा-एथलीट, विनोद कुमार।**

नोट:

- उन्होंने 2020 टोक्यो पैरालिंपिक में डिस्कस थ्रो स्पर्धा (F52 श्रेणी) में कांस्य पदक जीता।

6. पंचकुला, हरियाणा में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का कौन सा संस्करण शुरू हो रहा है ________ **चौथा।**

नोट:

- कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया।
- KIYG भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल का प्रमुख कार्यक्रम है।
- पंचकुला, अंबाला, शाहाबाद, चंडीगढ़ तथा दिल्ली में 25 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे।

7. कुश्ती की किस श्रेणी में, भारत की साक्षी मलिक ने कजाकिस्तान में आयोजित 2022 बोलत तुर्लिखानोव कप कुश्ती टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता ________ **62 किग्रा।**

नोट:

- दिव्या काकरन (68 किग्रा) और मानसी अहलावत (57 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीता।
- पिछली बार साक्षी मलिक ने 2017 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।
- जबकि पूजा सिहाग और नीरज को क्रमश: 76 किग्रा और 63 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

8. रोलैंड गैरोस में पुरुष फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप का अपना 14वां खिताब तथा कुल 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब किसने जीता_______ **राफेल नडाल (स्पेन)।**

नोट:

- उन्होंने कैस्पर रूड को 6-3, 6-3, 6-0 से हराया।
- इगा स्विटेक (पोलैंड) ने कोको गॉफ को हराकर महिला फ्रेंच ओपन 2022 जीता।
- पुरुष युगल: मार्सेलो एरिवालो (एल सल्वाडोर) और जीन-जूलियन रोजर (नीदरलैंड)
- महिला युगल: कैरोलीन गार्सिया और क्रिस्टीना म्लादेनोविक (फ्रांस)
- मिश्रित युगल: एना शिबाहारा (जापान); वेस्ली कूल्होफ (नीदरलैंड)

पुस्तकें एवं लेखक

1. DoPPW तथा DARPG के 8 वर्ष के प्रशासनिक तथा पेंशन सुधारों पर दो ई-बुक किसने विमोचित कीं ______ **केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह।**

नोट:

- ➢ कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (MoS) डॉ. जितेंद्र सिंह ने दो ई-बुक "ई-बुक ऑन 8 ईयर्स एचीवमेंट्स ऑफ DoPPW 2014-2022" और "ई-बुक ऑन 8 ईयर्स एचीवमेंट्स ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स एंड पब्लिक ग्रीवेन्स (DARPG)" विमोचित की।

विज्ञान एवं रक्षा

1. रक्षा मंत्रालय ने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ 'बाय इंडियन' श्रेणी के अंतर्गत कितनी राशि के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए______ **2,971 करोड़ रुपये।**

नोट:

- ➢ नौसेना तथा भारतीय वायु सेना के लिए स्वदेश में विकसित अस्त्र Mk-I बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल तथा संबंधित उपकरणों की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।
- ➢ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने जुलाई 2020 में 248 अस्त्र-MK1 मिसाइल (IAF के लिए 200 और नौसेना के लिए 48) की खरीद को मंजूरी दी थी।

2. भारतीय नौसेना द्वारा 32 वर्षों की सेवा के बाद किन दो जहाजों को सेवामुक्त किया गया ________ **INS अक्षय और INS निशंक।**

नोट:

- ➢ जहां हाई-स्पीड मिसाइल क्राफ्ट INS निशंक को 12 सितंबर 1989 को कमीशन किया गया था, तो INS अक्षय को एक वर्ष बाद 10 दिसंबर 1990 को पोटी, जॉर्जिया में कमीशन किया गया था।
- ➢ दोनों क्रमशः 22 मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन और 23 पैट्रोल वेसल स्क्वाड्रन में शामिल थे।

3. किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने विभिन्न युद्धों में भारतीय वायु सेना की भूमिका तथा इसकी समग्र गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए एक विरासत केंद्र की स्थापना हेतु IAF के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं ________ **चंडीगढ़।**

नोट:

- ➢ IAF विरासत केंद्र वायु सेना तथा चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा।
- ➢ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तथा IAF के बीच केंद्र की स्थापना के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए गए।

4. अभ्यास सम्प्रति (SAMPRITI) का कौन सा संस्करण 5 जून को बांग्लादेश के जेसोर सैन्य स्टेशन में शुरू हुआ ______ **दसवां।**

नोट:

- ➢ यह द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के एक भाग के रूप में 16 जून तक जारी रहेगा।
- ➢ उद्देश्य: दोनों सेनाओं के बीच पारस्परिकता तथा सहयोग के पहलुओं को मजबूत करना।
- ➢ भारतीय दल का प्रतिनिधित्व: डोगरा रेजिमेंट।

5. भारत ने ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि- IV बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है, अग्नि- IV की मारक सीमा है________**4,000 किमी।**

नोट:

- यह मिसाइल अग्नि श्रृंखला की चौथी मिसाइल है जिसे पहले अग्नि II प्राइम के नाम से जाना जाता था।
- इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा डिजाइन किया गया था और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा बनाया गया था।

6. एक बहुराष्ट्रीय शांति रक्षा अभ्यास जो मंगोलिया में शुरू हुआ _______ **अभ्यास खान क्वेस्ट 2022।**

नोट:

- इस अभ्यास में भारत सहित 16 देश भाग ले रहे हैं।
- इस अभ्यास का उद्घाटन मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख ने किया।
- भारतीय थलसेना का प्रतिनिधित्व लद्दाख स्काउट्स का एक दल कर रहा है।

7. रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने कितनी धनराशि के सशस्त्र बलों के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (AoN) प्रदान की_______**76,390 करोड़ रुपये।**

नोट:

- इससे भारतीय रक्षा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और विदेशी खर्च में काफी कमी आएगी।
- DAC की बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card

byjusexamprep.com